# CGPSC 2015 G.S Paper-I (Prelims)

## [Series-A ]

1. निम्नलिखित में से कौन से स्थल में तीन नगरों के अवशेष प्राप्त हुये हैं?
   (a) मोहेन्जोदड़ो (b) संघोल
   (c) काली बंगन (d) धौलावीरा
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
2. शाहजहांनामा के लेखक कौन हैं?
   (a) गुलबदन बेगम (b) शाहजहां
   (c) अब्दुल हमीद लाहौरी (d) इनायत खां
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
3. मुस्लिम लीग का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
   (a) आगा खां (b) हमीद खां
   (c) हसन खां (d) एम. ए. जिन्ना
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
4. निम्नलिखित में से किस स्थान पर अकबर को हुमायूं की मृत्यु की सूचना मिलने पर राजगड़ी पर बैठाया गया था?
   (a) काबुल (b) लाहौर
   (c) सरहिन्द (d) कलानौर
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष थी
   (a) श्रीमती सरोजनी नायडू
   (b) सूचेता कृपलानी
   (c) राजकुमारी अमृत कौर
   (d) एनी बेसेंट
   (e) इनमें से कोई नहीं
6. किस वर्ष बम्बई में पहली भारतीय कपड़ा मिल की स्थापना हुई थी?
   (a) 1842 (b) 1845
   (c) 1850 (d) 1854
   (e) इनमें से कोई नहीं
7. 'भारत छोड़ो' आंदोलन का प्रस्ताव बम्बई के किस मैदान में पारित किया गया?
   (a) मैरीन ड्राइव मैदान (b) काला घोड़ा मैदान
   (c) चैम्बूर मैदान (d) ग्वालिया टैंक
   (e) इनमें से कोई नहीं
8. ताना भगत आंदोलन जतरा उरांव ने किस वर्ष प्रारम्भ किया था?
   (a) 1919 (b) 1917
   (c) 1914 (d) 1922
   (e) उपरोक्त के कोई नहीं
9. रायपुर में रतनपुर के कल्चुरी शाखा का प्रथम शासक कौन था?
   (a) ब्रह्मदेव (b) रामचन्द्र
   (c) मोहन सिंह (d) अजित सिंह
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं
10. 21 जनवरी 1922 को सिहावा-नगरी में कौन-सा सत्याग्रह किया गया था?
   (a) व्यक्तिगत सत्याग्रह (b) नमक सत्याग्रह
   (c) कृषक सत्याग्रह (d) जंगल सत्याग्रह
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं
11. छत्तीसगढ़ की गट्टासिल्ली सत्याग्रह के प्रमुख नेता थे
   (a) श्री नारायण राव मेघावाले
   (b) श्री नत्थूजी जगताप
   (c) उपरोक्त दोनों ही
   (d) श्री वामनराव लाखे
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं
12. **सूची-1** को **सूची-2** से सुमेलित करिये

| सूची-1 (भारत छोड़ो आंदोलन में छ.ग. की घटनाएं) | सूची-2 (संबंधित व्यक्ति) |
|---|---|
| (A) रायपुर षड्यंत्र केस | 1. ईश्वरी चरण शुक्ला |
| (B) रायपुर डाइनामाईट केस | 2. रघुनन्दन सिंगरॉल |
| (C) दुर्ग जिला कचहरी में आगजनी | 3. रणवीर सिंह शास्त्री |
| (D) रायपुर में विद्यार्थियों का जुलूस | 4. परसराम सोनी |

|  | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (e) | 4 | 2 | 1 | 3 |

13. निम्नलिखित में से किस वर्ष छत्तीसगढ़ मध्य प्रान्त का एक संभाग बना?
   (a) 1860 (b) 1862
   (c) 1863 (d) 1865
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं
14. छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में निम्नलिखित स्थानों में विद्रोह हुये।
   (1) धमधा (2) बरगढ़
   (3) कवर्धा (4) तारापुर

सही उत्तर चुनिये।

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4

(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4

(e) उपरियुक्त में से कोई नहीं

15. पश्चिमी भाग में हिमायल की श्रेणियों का दक्षिण से उत्तर की ओर निम्नांकित में से कौन-सा क्रम सही है?

(a) महान हिमालय-लघु हिमालय-शिवालिक

(b) शिवालिक-लघु हिमालय-महान हिमालय

(c) लघु हिमालय-महान हिमालय-शिवालिक

(d) शिवालिक-महान हिमालय-लघु हिमालय

(e) इनमें से कोई नहीं

16. जब सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लम्बवत् चमकती हैं तब भारत में निम्नांकित में से कौन-सी घटना घटित होती है?

(a) उत्तर-पश्चिम भारत में उच्च वायुदाव विकसित होता है

(b) उत्तर-पश्चिम भारत में निम्न वायुदाव विकसित होता है

(c) उत्तर-पश्चिम भारत में वायुदाव में परिवर्तन नहीं होता

(d) उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान बढ़ जाता है

(e) इनमें से कोई नहीं

17. निम्नांकित में भारत का कौन-सा सबसे बड़ा भाषाची समूह है?

(a) सिनो-तिब्बतन (b) इण्डो-आर्यन

(c) आस्ट्रो-एशियाटिक (d) द्रवीडियन

(e) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नांकित राज्यों में वर्ष 2013-14 में कौन-सा राज्य पेट्रोलियम का सबसे बड़ा उत्पादक है?

(a) असम (b) गुजरात

(c) राजस्थान (d) आन्ध्र प्रदेश

(e) इनमें से कोई नहीं

19. निम्नलिखित में किस नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन की वर्ष 2014 में स्थापित क्षमता देश में सर्वाधिक है?

(a) बायोमास शक्ति (b) सौर ऊर्जा

(c) अप्पशिष्टजनित ऊर्जा (d) पवन शक्ति

(e) इनमें से कोई नहीं

20. वर्तमान समय में कुल अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत का सबसे बड़ा साझेदार है?

(a) संयुक्त अरब अमीरात (b) सउदी अरेबिया

(c) संयुक्त राज्य अमेरिका (d) चीन

(e) इनमें से कोई नहीं

21. निम्नांकित में से कौन-सा राष्ट्रीय जलमार्ग कोट्टापुरम तथा कोल्लम को जोड़ता है?

(a) गंगा-भागीरथी-हुगली जलमार्ग

(b) ब्रह्मपुत्र नदी जलमार्ग

(c) केरल तटीय नहर जलमार्ग

(d) गोदावरी-कृष्णा बेसिन जलमार्ग

(e) इनमें से कोई नहीं

22. जलप्रपात और उनकी स्थिति के क्षेत्रों के निम्नांकित युग्मों में से कौन-सी जोड़ी सही नहीं है?

(a) अमृतधारा जलप्रपात-कोरिया

(b) सतधारा जलप्रपात-मुंगेली

(c) रानीदरहा जलप्रपात-सुकमा

(d) चित्रकूट जलप्रपात-बस्तर

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. निम्नांकित में से वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिलों का कौन-सा समूह लिंगानुपात के घटते क्रम में सही है?

(a) दन्तेवाड़ा-राजनांदगांव-कोंडागांव

(b) दन्तेवाड़ा-कोंडागांव-राजनांदगांव

(c) कोंडागांव-दन्तेवाड़ा-राजनांदगांव

(d) राजनांदगांव-कोंड़ागांव-दन्तेवाड़ा

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

24. निम्नांकित **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए।

| **सूची-I (जिला)** | **सूची-II (% नगरीय जनसंख्या)** |
|---|---|
| 1. दुर्ग | A. 18.65 |
| 2. धमतरी | B. 59.08 |
| 3. राजनांदगांव | C. 64.15 |
| 4. रायपुर | D. 17.73 |

निम्नांकित में से सही सुमेलित उत्तर चुनिए।

| | **1** | **2** | **3** | **4** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | B | A | C | D |
| (b) | A | B | C | D |
| (c) | C | A | D | B |
| (d) | D | A | C | B |

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

25. छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित समूहों में से किस समूह के जिलों की सीमा दूसरे राज्यों को स्पर्श नहीं करती?

(a) सरगुजा, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कोरबा

(b) दुर्ग, रायपुर, धमतरी, दन्तेबाड़ा

(c) कोरबा, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा

(d) धमतरी, दुर्ग, रायपुर, जांजगीर-चांपा

(e) इनमें से कोई नहीं



Drishti IAS

26. निम्नांकित **सूची-I** (अभयारण्यों के नाम) और **सूची-II** (जिला) को सुमेलित कीजिए।

| **सूची-I** **(अभयारण्य)** | **सूची-II** **(जिला)** |
|---|---|
| 1. सेमरसोत | A. रायगढ़ |
| 2. बादलखोल | B. धमतरी |
| 3. गोमरदा | C. बलरामपुर |
| 4. सीता नदी | D. जशपुर |

निम्नलिखित में सही सुमेलित उत्तर चुनिए:

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C | D |
| (b) | C | D | A | B |
| (c) | C | B | A | D |
| (d) | D | A | C | B |

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

27. कोंडागांव किस नदी के तट पर स्थित है?
(a) शबरी (b) दूधनदी
(c) नारंगी (d) इन्द्रावती
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. रामगिरी की पहाडियाँ इस पर्वत श्रृंखला का भाग है
(a) विन्ध्याचल (b) सतपुड़ा
(c) मैकल (d) सहयाद्री
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. भारतीय संविधान में न्यायिक पुनरावलोकन का आधार है
(a) वैधिक प्रक्रिया (b) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
(c) विधि का शासन (d) दृष्टान्त और अभिसमय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 370 है
(a) एक नियमित उपबंध
(b) एक स्थायी उपबन्ध
(c) एक अस्थायी और संक्रमणकालीन उपबन्ध
(d) एक कामचलाउ उपबन्ध
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. इनमें से कौन-सा भारतीय संघीय व्यवस्था में एकात्मक तत्व है?
i. शक्तियों का विकेन्द्रीकरण
ii. राज्यपालों की नियुक्ति
iii. राज्यसभा में असमान प्रतिनिधित्व
iv. न्यायिक पुनर्विलोकन
v. अखिल भारतीय सेवाएं
vi. द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका
(a) i iii vi (b) ii iii v
(c) iii v vi (d) ii iv v
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. निम्न में से किस विषय पर राष्ट्रपति के लिए मन्त्रिपरिषद् से सलाह लेना आवश्यक नहीं है?
(a) राजदूतों की नियुक्ति
(b) विधेयकों पर स्वीकृति देना
(c) राज्यपाल द्वारा प्रेषित विधेयकों पर स्वीकृति
(d) लोकसभा भंग करना
(e) संविधान संशोधन विधेयक पर स्वीकृति देना

33. निम्न में से किस राष्ट्रपति ने एक शक्ति का प्रयोग किया था जिसे संविधानिक शब्दावली में 'जेबी निषेधाधिकार' कहा जाता है?
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) व्ही. व्ही. गिरि
(c) ज्ञानी जैल सिंह (d) डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. अपना त्यागपत्र देने के बाद भारत में एक मंत्री को अपने त्यागपत्र के विषय में लोकसभा में व्यक्तिगत वक्तव्य देने के लिए किसकी अनुमति की आवश्यकता होती है?
(a) प्रधान मंत्री (b) स्पीकर
(c) राष्ट्रपति (d) सर्वोच्च न्यायालय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. रतनपुर (छत्तीसगढ़) के गोपाल कवि द्वारा लिखित पुस्तक कौन-सी हैं?
(a) जैमनी अश्वमेघ (b) रामप्रताप
(c) भक्ति चिन्तामणी (d) उपर्युक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

36. "चंदैनी" लोक गायन के प्रमुख पात्र कौन हैं?
(a) रांझा-हीर (b) दुष्यंत-शकुन्तला
(c) लोरिक-चन्दा (d) नल-दमयन्ती
(e) इनमें से कोई नहीं

37. "धनकुल गीत" कहाँ गाते हैं?
(a) बस्तर जिला (b) सरगुजा जिला
(c) बिलासपुर जिला (d) रायपुर जिला
(e) इनमें से कोई नहीं

38. "बांस गीत" कौन गाते हैं?
(a) देवार (b) बसदेवा
(c) राऊत (d) भाट
(e) इनमें से कोई नहीं

39. "मातर" त्यौहार कौन मनाते हैं?
(a) कृषक (b) यादव (राऊत)
(c) मछुआरा (d) बुनकर
(e) इनमें से कोई नहीं

40. छत्तीसगढ़ी जनऊला-
कारी गाय, कलिंदर खाय।
दुहते जाए, पनहाते जाए।।

Drishti IAS

का क्या अर्थ है?

(a) कलिन्दर खाना (b) जांता
(c) कुंआ (d) गाय
(e) इनमें से कोई नहीं

41. छत्तीसगढ़ी मुहावरा "करिया अच्छर भईंस बराबर" का क्या अर्थ है?

(a) भईंस (भैंस) (b) मच्छर (मच्छड)
(c) अप्पड़ (अनपढ़) (d) गदहा (गधा)
(e) इनमें से कोई नहीं

42. छत्तीसगढ़ में "कबीर गायन" के प्रसिद्ध कलाकार कौन हैं?

(a) श्रीमती तीजन बाई (b) भारती बन्धु
(c) देवादास बंजारे (d) श्रीमती ममता चन्द्राकर
(e) इनमें से कोई नहीं

43. "पंडवानी" गायन किस ग्रंथ पर आधारित है?

(a) श्रीमद्भागवत (b) रामायण
(c) महाभारत (d) शिवपुराण
(e) इनमें से कोई नहीं

44. "महाप्रभु वल्लभाचार्य" की जन्म स्थली कहाँ हैं?

(a) शिवरीनारायण (b) बिलासपुर
(c) रतनपुर (d) चम्पारण्य
(e) इनमें से कोई नहीं

45. किस नृत्य के विकास के लिए "राजा चक्रधर सिंह" प्रसिद्ध है?

(a) कत्थक नृत्य (b) कत्थकली नृत्य
(c) काकसाड़ नृत्य (d) करमा नृत्य
(e) इनमे से कोई नहीं

46. रायगढ़ जिले का सिंघनपुर किसलिए प्रसिद्ध है?

(a) मूर्तिकला (b) काष्ठ शिल्प
(c) कोसा शिल्प (d) शैल चित्र
(e) इनमें से कोई नहीं

47. वर्ष 2013-14 में भारत में प्रचलित कीमतों पर साधन लागत पर प्रतिव्यक्ति विशुद्ध राष्ट्रीय आय थी

(a) 73,450 रु. (b) 72,580 रु.
(c) 74,380 रु. (d) 71,628 रु.
(e) इनमें से कोई नहीं

48. चौदहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?

(a) श्री महावीर त्यागी (b) श्री एन. के. पी. साल्वे
(c) प्रो. ए. एम. खुसरो (d) डॉ. वाय. व्ही. रेड्डी
(e) इनमें से कोई नहीं

49. किसी देश की आर्थिक वृद्धि का सर्वाधिक उपयुक्त माप है

(a) प्रति व्यक्ति वास्तविक आय
(b) सकल घरेलू उत्पाद
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
(d) शुद्ध घरेलू उत्पाद
(e) इनमें से कोई नहीं

50. वर्ष 2013-14 में सकल घरेलू उत्पाद में आय कर का हिस्सा था

(a) 2.1 प्रतिशत (b) 3.4 प्रतिशत
(c) 2.8 प्रतिशत (d) 3.3 प्रतिशत
(e) इनमें से कोई नहीं

51. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण संबंधित है

(a) नीति आयोग से (b) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से
(c) वित्त मंत्रालय से (d) वित्त आयोग से
(e) इनमें से कोई नहीं

52. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति 29 सितम्बर 2015 के पुनरीक्षण के अनुसार बैंक दर थी

(a) 8.75 प्रतिशत (b) 6.75 प्रतिशत
(c) 7.75 प्रतिशत (d) 9.75 प्रतिशत
(e) इनमें से कोई नहीं

53. एक तार में बहती विद्युत धारा एवं विभवान्तर प्रत्येक को दो गुना बढ़ा दिया जाए तो विद्युत शक्ति

(a) प्रभावित नहीं होगी (b) चार गुना बढ़ जाएगी
(c) दो गुना बढ़ जाएगी (d) घटकर आधी हो जाएगी
(e) इनमें से कोई नहीं

54. अभिनेत्र लैंस द्वारा किसी वस्तु का किस प्रकार का प्रतिबिम्ब रेटिना पर बनाया जाता है?

(a) सीधा तथा वास्तविक (b) सीधा तथा आभासी
(c) उल्टा तथा वास्तविक (d) उल्टा तथा आभासी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

55. रोगी के दांत का प्रतिबिम्ब देखने के लिए दांत के डॉक्टर द्वारा इनमें से किसका उपयोग किया जाता है?

(a) अवतल लैंस (b) उत्तल लैंस
(c) उत्तल दर्पण (d) समतल दर्पण
(e) इनमें से कोई नहीं

56. रासायनिक दृष्टिकोण से सिंदूर है

(a) कैल्सियम कार्बोनेट (b) पोटेशियम नाइट्रेट
(c) पोटेशियम सल्फाइड (d) मरकरी (II) सल्फाइड
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. निम्न में से कौन-जल के साथ बिलकुल अभिक्रिया नहीं करता है?

(a) आयरन (b) लेड
(c) मैग्निशियम (d) एल्यूमिनियम
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. 'जूल' ऊर्जा से उसी तरह संबंधित है जैसे 'पास्कल' संबंधित है

(a) मात्रा (b) दबाव
(c) घनत्व (d) शुद्धता
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

Drishti IAS

59. वर्ष 2011-12 के स्थिर मूल्यों पर छत्तीसगढ़ के राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वनों का प्रतिशत योगदान वर्ष 2014-15 में क्या था?
   (a) 3.44 प्रतिशत   (b) 4.33 प्रतिशत
   (c) 3.02 प्रतिशत   (d) 4.15 प्रतिशत
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. सिंचित भूमि में जलाशय/नहरों से सिंचित भूमि का प्रतिशत छत्तीसगढ़ में वर्ष 2013-14 में कितना है?
   (a) 35 प्रतिशत   (b) 34.2 प्रतिशत
   (c) 55.0 प्रतिशत   (d) 52.0 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं

61. कृषि-संगणना 2010-11 के अनुसार छत्तीसगढ़ में लघु एवं सीमांत कृषकों का प्रतिशत क्या है?
   (a) 73 प्रतिशत   (b) 74 प्रतिशत
   (c) 76 प्रतिशत   (d) 78 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं

62. त्वरित अनुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्थिर मूल्यों पर वर्ष 2014-15 में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि दर क्या है?
   (a) 4.88 प्रतिशत   (b) 1.65 प्रतिशत
   (c) 1.01 प्रतिशत   (d) 2.40 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं

63. छत्तीसगढ़ राज्य के किस स्थान पर किसान शापिंग माल स्थापित किया गया है?
   (a) राजनांदगाँव मण्डी   (b) अम्बिकापुर मण्डी
   (c) बिलासपुर मण्डी   (d) जगदलपुर मण्डी
   (e) इनमें से कोई नहीं

64. छ.ग. में किस पंचवर्षीय योजना में "राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन" प्रारम्भ किया गया था?
   (a) 12 वीं. पंचवर्षीय योजना
   (b) 10 वीं. पंचवर्षीय योजना
   (c) 11 वीं. पंचवर्षीय योजना
   (d) 9 वीं. पंचवर्षीय योजना
   (e) इनमें से कोई नहीं

65. निम्नलिखित में से अछैत वेदान्त के अनुसार किसके द्वारा मुक्ति प्राप्त की जा सकती है?
   (a) ज्ञान   (b) कर्म
   (c) भक्ति   (d) योग
   (e) इनमें से कोई नहीं

66. निम्नलिखित में से कौन एक "आष्टांग योग" का अंश नहीं है?
   (a) अनुस्मृति   (b) प्रत्याहार
   (c) ध्यान   (d) धारणा
   (e) इनमें से कोई नहीं

67. "समाधि मरण" किस दर्शन से संबंधित है?
   (a) बौद्ध दर्शन   (b) जैन दर्शन
   (c) योग दर्शन   (d) लोकायत दर्शन
   (e) इनमें से कोई नहीं

68. प्रसिद्ध पुस्तक "फाउण्डेशन आफ इंडियन कल्चर" के लेखक हैं।
   (a) रवीन्द्रनाथ टैगोर   (b) श्री अरबिन्द
   (c) राधाकृष्णन   (d) भगवान दास
   (e) इनमें से कोई नहीं

69. एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
   (a) गोविन्द III   (b) कृष्ण I
   (c) कृष्ण II   (d) कृष्ण III
   (e) इनमें से कोई नहीं

70. सर्वप्रथम 'स्तूप' शब्द कहाँ मिलता है?
   (a) ऋग्वेद   (b) जातक कथा
   (c) अर्थशास्त्र   (d) अष्टाध्यायी
   (e) इनमें से कोई नहीं

71. ग्राम सभा के विषय में क्या सही नहीं है?
   i. ग्राम सभा की बैठक में 1/10 गणपूर्ति आवश्यक हैं।
   ii. ग्राम सभा की बैठक में 1/3 महिलाओं की उपस्थिति आवश्यक है
   iii. गणपूर्ति के लिए सरपंच और पंच उत्तरदायी हैं।
   iv. गणपूर्ति न होने पर ग्राम सभा की बैठक स्थगित की जा सकती है
   v स्थगित सम्मिलन में भी गणपूर्ति आवश्यक है
   vi स्थगित सम्मेलन में गणपूर्ति न होने पर भी बजट पारित किया जा सकता है
   vii स्थगित सम्मेलन में गणपूर्ति न होने पर भी लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन पारित किया जा सकता है
   viii यदि ग्राम सभा की लगातार पांच बैठकों में गणपूर्ति न हो तो सरपंच को पदच्युत किया जा सकता है
   (a) i ii v   (b) iii vi viii
   (c) iv vii viii   (d) v vi vii
   (e) vi vii viii

72. ग्राम पंचायत के विषय में क्या सही नहीं है?
   i. ग्राम पंचायत में अधिकतम 20 पंच हो सकते हैं
   ii ग्राम पंचायत में यदि 15 पंच निर्वाचित हैं तो 5 पंच मनोनीत किए जाते हैं
   iii. जनपद पंचायत अध्यक्ष पांच पंचों को नामित करता है
   vi. ग्राम पंचायत में 10 पंच भी हो सकते हैं
   v. पंचों के निर्वाचन में समान मत आने पर लाट द्वारा निर्णय होता है
   vi. मनोनीत सदस्य बैठक में भाग लेते और मतदान कर सकते हैं

(a) i iv vi (b) iii v vi
(c) ii iii vi (d) iv v vi
(e) इनमें से कोई नहीं

73. अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के सम्मिलन की अध्यक्षता कौन करता है?
(a) सरपंच (b) उपसरपंच
(c) सरपंच या उपसरपंच
(d) उपस्थित अनुसूचित जनजाति सदस्य जो ग्रामसभा द्वारा चुना जाय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. राज्य निर्वाचन आयोग ने विगत पंचायत चुनाव में मतपत्रों का रंग निर्धारित किया था, उन्हें सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| i. पंच | (A) नीला |
| ii. सरपंच | (B) गुलाबी |
| iii. जनपद पंचायत सदस्य | (C) सफेद |
| iv. जिला पंचायत सदस्य | (D) पीला |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | iii | iv | ii |
| (b) | iii | iv | i | ii |
| (c) | ii | iv | i | iii |
| (d) | i | ii | iii | iv |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्यपाल, राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए किसी विधेयक को भेज सकता है?
(a) अनुच्छेद 166 (b) अनुच्छेद 200
(c) अनुच्छेद 239 (d) अनुच्छेद 240
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. राज्य सचिवालय के प्रशासन में मन्त्रिमण्डल को जाने वाली सभी नस्तियां किसके माध्यम से भेजी जानी आवश्यक हैं?
(a) विभागीय सचिव (b) उप सचिव
(c) अपर सचिव (d) मुख्य सचिव
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. पैराग्लाइडिंग विश्व-कप 2015 भारत के किस राज्य में हुआ था?
(a) छत्तीसगढ़ (b) महाराष्ट्र
(c) उड़िसा (d) हिमाचल प्रदेश
(e) इनमें से कोई नहीं

78. 7 वीं दक्षिण एशियाई रग्बी चैंपियनशिप वर्ष 2016 में भारत के किस राज्य में आयोजित की जायेगी?
(a) पंजाब (b) पश्चिम बंगाल
(c) जम्मू-काश्मीर (d) कर्नाटक
(e) इनमें से किसी भी नहीं

79. 8 वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप किस भारतीय महिला पिस्टल शूटर ने स्वर्णपदक जीता?
(a) श्वेता सिंह (b) हीना सिंह
(c) छूंगा हमार (d) लल्लकिंमा
(e) इनमें से कोई नहीं

80. कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॅन्सिबिलिटि संबंधी कानून सबसे पहले किस देश में बना?
(a) अमेरिका (b) रूस
(c) इंग्लँड (d) भारत
(e) इनमें से कोई नहीं

81. वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(a) पेरिस (b) क्वेटा
(c) बॉन (d) कोलम्बो
(e) इनमें से कोई नहीं

82. हरित राजमार्ग का लक्ष्य क्या है?
(a) वृक्षारोपण
(b) निर्धनता उन्मूलन
(c) आरोग्य सुविधा प्रदान करना
(d) स्कूल त्यागने वाले छात्रों का नामांकन बढ़ाना
(e) इनमें से कोई नहीं

83. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का गठन कब हुआ?
(a) 15 नवम्बर 2000 (b) 15 नवम्बर 2001
(c) 15 नवम्बर 2002 (d) 15 नवम्बर 2003
(e) इनमें से कोई नहीं

84. निम्नांकित **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए।

| **सूची**-I (**औद्योगिक विकास केन्द्र**) | **सूची**-II (**जिला**) |
|---|---|
| 1. सिलतरा | (A) बिलासपुर |
| 2. बोरई | (B) रायगढ़ |
| 3. सिरगिट्टी | (C) दुर्ग |
| 4. लारा | (D) रायपुर |

निम्नांकित समूहों में से सही उत्तर चुनिए :

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | B | C | A | D |
| (b) | A | C | D | B |
| (c) | C | A | B | D |
| (d) | D | C | A | B |

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

85. निम्नांकित **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए।

| **सूची**-I (**सिंचाई परियोजना**) | **सूची**-II (**नदी**) |
|---|---|
| 1. संजय गांधी परियोजना | (A) पैरी |
| 2. राजीव गांधी परियोजना | (B) महानदी |
| 3. दुधावा परियोजना | (C) खारंग नदी |
| 4. सिकसार | (D) मनियारी |



Drishti IAS

निम्नांकित समूहों की मदद से सही उत्तर चुनिए :

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C | D |
| (b) | B | A | C | D |
| (c) | C | A | B | D |
| (d) | C | D | B | A |

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

86. निम्नांकित में से नवा अंजोरा योजना किससे संबंधित है?
(a) ग्रामीण विद्युतीकरण (b) सौर ऊर्जा
(c) नेत्रहीन बालकों के लिए योजना
(d) ग्रामीण उद्योग (e) इनमें से कोई नहीं

87. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी सुमेलित नहीं है?

| | **सूची-I** **( जिला )** | **सूची-II** **( खनिज )** |
|---|---|---|
| (a) | कोरिया | कोयला |
| (b) | रायपुर | हीरा |
| (c) | रायगढ़ | लोह अयस्क |
| (d) | सरगुजा | सोना |

(e) इनमें से कोई नहीं

88. छत्तीसगढ़ की नदियों के निम्नांकित समूह में से लम्बाई के अनुसार किस समूह में नदियों का अवरोहीक्रम सही है?
(a) इंद्रावती, शिवनाथ, रिहन्द, मांड
(b) शिवनाथ, इंद्रावती, मांड, रिहन्द
(c) इंद्रावती, शिवनाथ, मांड, रिहन्द
(d) शिवनाथ, इंद्रावती, रिहन्द, मांड
(e) इनमें से कोई नहीं

89. मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल किससे संबंधित है?
(a) ओजोन परत के क्षय को रोकना
(b) ग्लोबल वार्मिंग (c) अम्ल वर्षा
(d) फोटोकेमिकल स्मॉग (e) इनमें से कोई नहीं

90. रियो-20 घोषणा पत्र का शीर्षक क्या था?
(a) द फ्यूचर वी वान्ट (b) द फ्यूचर वी सीक
(c) द फ्यूचर वी हैव (d) द फ्यूचर वी सी
(e) इनमें से कोई नहीं

91. निम्न में से कौन आहार श्रृंखला का निर्माण करते हैं?
(a) घास, गेहूँ तथा आम
(b) घास, बकरी, तथा मानव
(c) बकरी, गाय, तथा हाथी
(d) घास, मछली तथा बकरी
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

92. इनडोर वायु प्रदूषण का सर्वाधिक महत्पूर्ण प्रदूषक है
(a) सल्फर डाइऑक्साइड् (b) कार्बन डाइऑक्साइड्
(c) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड् (d) रेडान गैस
(e) इनमें से कोई नहीं

93. चेर्नोबिल दुर्घटना संबंधित है
(a) नाभिकीय दुर्घटना (b) भूकंप
(c) बाढ़ (d) अम्लीय वर्षा
(e) इनमें से कोई नहीं

94. वाहनों में पेट्रोल के जलने से निम्न धातु वायु को प्रदूषित करती है
(a) मरकरी (b) केडमियम
(c) लैड (d) कार्बन डाइआक्साइड
(e) इनमें से कोई नहीं

95. जुलाई 2015 में दिल्ली में आयोजित "डिजिटल भारत सप्ताह" में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए किस राज्य को पहला स्थान मिला?
(a) हिमाचल प्रदेश (b) दिल्ली
(c) मेघालय (d) छत्तीसगढ़
(e) इनमें से कोई नहीं

96. छत्तीसगढ़ के रायपुर में "हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल 2015" खेला गया। इसमें भारत सहित कुल कितने देशों की टीमों ने हिस्सा लिया?
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
(e) इनमें से कोई नहीं

97. धान के उत्पादन एवं उत्पादकता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को कितनी बार कृषि कर्मण पुरस्कार मिला है?
(a) तीन बार (b) दो बार
(c) चार बार (d) एक बार
(e) इनमें से कोई नहीं

98. भैरमगढ़ अभयारण्य किस जिले में है?
(a) बीजापुर (b) दंतेवाड़ा
(c) कबीरधाम (d) जशपुर
(e) इनमें से कोई नहीं

99. 20 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में कुचिपुड़ी नृत्य में छत्तीसगढ़ की किस नृतक को प्रथम स्थान मिला?
(a) अनीषा सिन्हा (b) रुचि कृष्णन
(c) मिली वर्मा (d) अनेश्वरा
(e) इनमें से कोई नहीं

100. प्रदेश में कम अंतरराजीय सीमा वाला जिला है
(a) धमतरी (b) रायगढ़
(c) जशपुर (d) राजनांदगांव
(e) इनमें से कोई नहीं